an>

Title: Need to set up a Trauma Centre along National Highway No. 75 in Palamu Parliamentary Constituency in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) ः मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में पड़वा से मुरीसेमर वाया गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग-75 का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने की स्थिति में है और जल्द ही इस राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ने वाली है। तेज रफ्तार वाहन चालकों पर सरकारी अंकुश नहीं के बराबर है। समय-समय पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सरकारी विज्ञापन, चेतावनी जैसे अन्य उपायों द्वारा वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज गति से वाहन नहीं चलाने के लिए प्रेरित करता है परंतु इसका असर बहुत कम ही देखने को मिलता है। देश में प्रत्येक मिनट एक गंभीर रोड हादसा होता है और तकरीबन 16 लोग हर घंटे सड़क हादसों में मौत के शिकार हो जाते हैं। वर्ष 2014 के दौरान ही 1,39,671 लोगों ने सड़क हादसों में अपनी जान गंवाई है जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत लोगों (57,844) का जान गंवाने का कारण तेज गति से वाहन चलाना है।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर गंभीर सड़क हादसों के शिकार लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं न मिल पाने के कारण भी मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रत्येक 100 किलोमीटर पर ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करने संबंधी योजना कार्यान्वित करने की शुरूआत की है। मेरा माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि एक ट्रॉमा सेंटर, पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ, मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में राष्ट्रीय राजमार्ग-75 पर स्थापित करवाने की कृपा करें जिससे किसी भी आपात स्थिति में लोग इस सुविधा का लाभ ले सकें। मैं इसके लिए सदैव आपका आभारी रहूँगा।